# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com


पत्रांकः- 6137 / विविध-09 / 79 दिनांक- 24/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः-** सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक "हंसवर में सार्वजनिक टोटी खराब लगातार बह रहा पानी" जल जीवन मिशन के तहत लगी टोटो से हो रही बर्बादी के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक "हंसवर में सार्वजनिक टोटी खराब लगातार बह रहा पानी" जल जीवन मिशन के तहत लगी टोटो से हो रही बर्बादी की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | अम्बेडकरनगर के हंसवर ग्राम सभा के तकिया मोहल्ले में जल जीवन मिशन के तहत लगाई गई एक सार्वजनिक टोटी खराब हो गई है। इससे लगातार पानी बह रहा है, जिससे प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पेयजल की बर्बादी हो रही है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हंसवर में पानी की टंकी और पाइपलाइन के माध्यम से हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। विभाग ने राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक टोटियां भी लगवाई हैं, ताकि स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके। स्थानीय लोगों ने खराब टोटी को जल्द ठीक कराने की मांग की है, ताकि जल संरक्षण सुनिश्चित हो सके और पानी की बर्बादी रोकी जा सके। इस संबंध में जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर (जेई) धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि उन्हें सार्वजनिक टोटी खराब होने की सूचना मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आज ही नई टोटी लगवाकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। जेई पटेल ने यह भी कहा कि इससे पानी की बर्बादी रुकेगी और लोगों को सुचारु रूप से पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। टोटी के आसपास की झाड़ियों को भी साफ करवाया जाएगा। | सादर अवगत कराना है कि उक्त प्रकाशित खबर में उल्लेखित हंसवर ग्राम सभा के तकिया मोहल्ला में सार्वजनिक टोटो खराब हो गयी था जिसके कारण पेयजल बर्बाद हो रहा था वहां पर नयी टोटी लगा दिया गया है। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः-**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- जिलाधिकारी महोदया अम्बेडकरनगर।

2- मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।

3- मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ।

4- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अयोध्या।

अधिशासी अभियन्ता

133

Scanned with OKEN Scanner